ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

**दिनांक 26.08.2023 को अपराह्न 4:00 बजे ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यायल परिसर मे स्थित अचार्य नरेन्द्र देव प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित आकस्मिक परीक्षा समिति की बैठक का कार्यवृत्त**

1. प्रो0 एन0बी0 सिंह, कुलपति – अध्यक्ष
2. प्रो0 चन्दना डे – सदस्य
3. प्रो0 एहतेशाम अहमद – सदस्य
4. प्रो0 फ़खरे आलम – सदस्य
5. डॉ0 नीरज शुक्ल – सदस्य
6. डॉ0 पूनम चौधरी – सदस्य
7. वित्त अधिकारी – सदस्य
8. कुलसचिव – सदस्य
9. डॉ0 भावना मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक – सदस्य सचिव

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यगण का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया। तत्क्रम में परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत कार्य–सूची पर परीक्षा समिति द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये है–

**बिन्दु संख्या–01** **विश्वविद्यालय के सत्र 2022–23 के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम चतुर्थ सेमेस्टर के 14 एवं षष्ठम सेमेस्टर के 05 छात्र/छात्राओं के परीक्षाफल संशोधन पर माननीय कुलपति महोदय द्वारा दिनांक 18.08.2023 को गठित त्रिसदस्यीय समिति की कार्यवाही से समिति को संसूचित कर कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किया जाना।**

**निर्णय** विश्वविद्यालय के सत्र 2022–23 के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम चतुर्थ सेमेस्टर के 14 एवं षष्ठम सेमेस्टर के 05 छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल सम्बंधित एजेंसी द्वारा प्रोन्नत (Promoted) घोषित कर दिया गया, जबकि विश्वविद्यालय के स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बी0टेक0 Ordinance के बिन्दु संख्या 09 के अनुसार उन छात्र/छात्राओं को प्रोन्नत (Promoted) नहीं किया जा सकता था। अध्यादेश की व्यवस्था निम्नवत् है:

**Promotion:** *For promotion to second year and subsequent year, a student is eligible only when he/she CGPA 4.5 or above in the same year of that particular batch.*

समिति द्वारा उपरोक्त प्रकरण पर सम्यक् विचार विमर्श करते हुए निम्न बिन्दुओं पर संस्तुति दी गयी:

1. परीक्षाफल निर्माण एंजेसी को तत्काल पत्र प्रेषित कर परीक्षाफल को बी0टेक0 Ordinace के अनुरूप संशोधित कराया जाये।
2. समिति द्वारा कार्यदायी संस्था को तत्काल प्रभाव से चेतावनी पत्र निर्गत किया जाये।
3. जिन छात्र/छात्राओं द्वारा आगामी विषम सेमेस्टर का शुल्क जमा कर दिया गया है, वित्त अधिकारी से उनके शुल्क को वर्तमान सेमेस्टर के शुल्क में समायोजन कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित कर दिया जाये।
4. कार्यो मे शिथिलता बरते जाने के दृष्टिगत डॉ0 पूनम चौधरी, समन्वयक परीक्षाफल एवं परीक्षा नियंत्रक कार्यालय मे वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत् श्री राजेन्द्र रावल कर्मी को चेतावनी पत्र निर्गत किया जाये।

Controller Of Examination
K.M.C. Language University
Lucknow

Vice Chancellor
Khwaja Moinuddin Chisti
Language University, Lucknow

उपरोक्त लिये गये निर्णय के क्रम में बी0टेक0 पाठ्यक्रम के संशोधनोपरान्त अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं की सूची निम्नवत् है:–

| क्रम0सं0 | नाम | रोल नं0 |
|---|---|---|
| 1. | श्री शैलेन्द्र पाण्डेय | 2009151 |
| 2. | श्री मोहम्मद ओमार | 2108243007 |
| 3. | श्री अंकित कुमार सिंह | 2208213008 |
| 4. | श्री पवनेश मनी प्रकाश | 2208213022 |
| 5. | श्री सूरज कुमार गोंड | 2208213033 |
| 6. | श्री मोहम्मद फुजैल मिर्जा | 2108202010 |
| 7. | श्री हुसैन | 2108242020 |
| 8. | श्री दीपक यादव | 2009020 |
| 9. | श्री ऋषभ सिंह | 2208223010 |
| 10. | श्री सतीश पाल | 2108222046 |
| 11. | श्री विकास यादव | 2108222059 |
| 12. | श्री तुषार तिवारी | 2108252012 |
| 13. | श्री प्रताप सिंह | 2009146 |
| 14. | श्री अक्षय प्रताप, | 2009007 |
| 15. | श्री अंकित प्रभाकर | 2009013 |
| 16. | श्री गोपीकृष्ण गुप्ता | 2208213012 |
| 17. | श्री मोहम्मद काशिफ | 2108242027 |
| 18. | श्री सनोर रब शदाब | 2108242036 |
| 19. | श्री आयुष यादव | 2108222011 |

उक्त के अतिरिक्त समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि त्रुटिपूर्ण परिणाम घोषित होने के कारण सम्बन्धित छात्र चुनौती मूल्याकंन नहीं कर पाये। अतः उपरोक्त छात्र/छात्राओं को एक अवसर प्रदान करते हुए निःशुल्क उत्तर पुस्तिकाओं को दिखाने हेतु संस्तुति प्रदान की गयी। उपरोक्त लिये गये निर्णय पर परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–02 **विश्वविद्यालय के सत्र 2023–24 के आगामी विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में सहायक आचार्य (अस्थायी) से प्रश्नपत्र निर्माण किये जाने पर विचार–विमर्श।**

निर्णय समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रश्नपत्र निर्माण जैसे गोपनीय कार्य को सहायक आचार्य (अस्थायी) द्वारा न कराये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

अंत में बैठक धन्यवाद ज्ञापित करने के उपरान्त समाप्त हुई।

Bmishra

(डॉ0 भावना मिश्रा)
परीक्षा नियंत्रक/सचिव
Controller Of Examination
K.M.C. Language University
Lucknow

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष
Vice Chancellor
Khwaja Moinuddin Chisti
Language University, Lucknow